ज्ञानवर्धिनी संस्था
सोनुभाऊ बसवंत कला आणि वाणिज्य महाविद्यालय, शहापुर
हिंदी विभाग

==========

Community Engagement Programme (CEP)

प्रतिवेदन

TYBA Hindi Major - 1 के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार, दिनांक 25 अगस्त 2026 को जनकल्याण संस्था के म. ना. बरोरा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय, शहापुर में शैक्षणिक भेंट का सफल आयोजन किया गया। इस भेंट के लिए प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष गायकवाड सर ने मान्यता देकर पूरा सहयोग दिया।

TYBA के विद्यार्थियों ने म. ना. बरोरा विद्यालय के विद्यार्थियों को ' हिंदी के महान साहित्यकारों का जीवन परिचय ' दिया। इसमें कबीर, प्रेमचंद, तुलसी, निराला ,सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा, महावीर प्रसाद द्विवेदी, मन्नु भंडारी आदी महान साहित्यकारों का जीवन परिचय देकर उनके साहित्य की जानकारी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की। कुल 65 विद्यार्थी सहभागी हुए।

विद्यालय के विद्यार्थियों में हिंदी साहित्यकारों की लेखक एवं उनकी कृतियों का परिचय करके उनके मन में हिंदी साहित्य के प्रति रूची निर्माण करके हिंदी साहित्य पढने की चाह निर्माण करना इस भेंट का मुख्य उद्देश था। म. ना. बरोरा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने इस प्रदर्शनी को उत्स्फूर्त प्रतिसाद दिया।

इस उपक्रम के कारण TYBA के विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष कार्यक्रम प्रबंधन एवं प्रस्तुतीकरण का अनुभव प्राप्त हुआ। इस शैक्षणिक भेंट के आधार पर सभी सहभागी विद्यार्थियों द्वारा परियोजना रिपोर्ट (Project Writing) तैयार की गई। इस उपक्रम के अंतर्गत हिंदी विभाग की प्रा.साधना माळी एवं प्रा. राजेश बांगारे के मार्गदर्शन में तथा नेतृत्व में विद्यार्थियों की यह शैक्षणिक भेंट संपन्न हुई। विद्यार्थियों की उत्साही सहभागिता से यह Community Engagement Programme (CEP) अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।